नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

# हिंदी विश्वविद्यालय में 23 को फूड फेस्टिवल का आयोजन

वर्धा, दि. 17 जनवरी 2020 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग,



मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के तहत विद्यार्थी अंतरण कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय में गुरूवार दि. 23 जनवरी को फूड फेस्टिवल जेवणोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में विद्यार्थी एवं कर्मचारी भी अपना स्टाल लगाएंगे । विश्वविद्यालय में ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के आगमन के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में 20 से 24 जनवरी के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें फूड फेस्टिवल भी एक बड़ा आयोजन है। ओडिशा राज्य के विद्यार्थी तथा शिक्षकों को महाराष्ट्र राज्य की खाद्य संस्कृति का परिचय कराने हेतु यह आयोजन किया जा रहा है। इसमें अधिक से अधिक संख्या में स्टाल लगाकर शहरवासियों को सहभागिता करने की अपील विश्वविद्यालय ने की है।